अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2019–20
कक्षा–छठी
विषय –हिन्दी

समय–2:30 घंटे                                                                 पूर्णांक–80

1. निम्नलिखित गद्याँष को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनके प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (8)

मित्र भाई के सामान होना चाहिए, जिसे हम अपनी प्रीति पात्र बना सकें। हमारे और हमारे मित्र के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए। ऐसी सहानुभूति जिससे एक के हानि–लाभ को दूसरा अपना हानि–लाभ समझे। मित्रता के लिए यह आवष्यक नहीं कि दोनों मित्रों का कार्य या रूचियाँ एकसी हों। प्रकृति और आचरण की समानता की आवष्यकता नही है। दो विभिन्न प्रकृति के मनुष्यों में भी बराबर प्रीति और मित्रता रही है। जैसे राम धीर–गंभीर तथा शांत प्रकृति के थे, तो लक्षमण उग्र और उद्‌दंड स्वभाव के थे। फिर भी दोनो भाईयों में प्रगाढ़ स्नेह था और उनकी मित्रता खूब निभी।

1. प्र–मित्र किसके समान होना चाहिए?
2. प्र–हमारे मित्र के बीच क्या होना चाहिए?
3. प्र–मित्रता के लिए क्या आवष्यक नहीं है?
4. प्र–क्या दो विभिन्न प्रकृति के व्यक्तियों में मित्रता हो सकती है।
5. प्र–लक्ष्मण किस स्वभाव के थे?
6. प्र–राम किस स्वभाव के थे?
7. प्र–दोनों भाईयों मे मित्रता क्यों खूब निभी?
8. प्र–गद्यांष का उचित शीर्षक दीजिए?

2. निम्नलिखित पद्याँष को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7)

जिसने मरना सीख लिया है, जीने का अधिकार उसी को।
जो कांटो के पथ पर आया, फूलों का उपहार उसी को।
हँस–हँस कर एक मस्ती लेकर, जिसने सीखा है बलि होना।
अपनी पीड़ा पर मुस्कुराना औरों के कष्टों पर रोना।
जिसने सहना सीख लिया है संकट है त्योहार उसी का।

1. प्र–जीने का अधिकार किसे है?
2. प्र–फूलों का अधिकार किसे प्राप्त होगा?
3. प्र–इस कविता में काँटे और फूल क्या अर्थ है?
4. प्र–संकट का त्योहार कब होता है?
5. प्र–वीर किसकी पीड़ा पर मुस्कुराते हैं?
6. प्र–वीर किसके कष्टों पर होते हैं?
7. प्र–इस कविता का शीर्षक दीजिए?

Scanned by CamScanner

## व्याकरण

3. (क) रमेष कौन सी संज्ञा है? 2
मनुष्य कौन सी संज्ञा है?

(ख) गुलाबी पगड़ी विषेषण लिखो 2
चाँदनी रात विषेषण लिखो

(ग) संधि विच्छेद कीजिए। 2
षिष्टाचार
सूर्यास्त

(घ) पर्यायवाची लिखो। 2
पृथ्वी
सूरज

(ड़) लिंग बदलो 2
मोर
घोड़ी

(च) वाक्य बनाओ 2
ताकि
जबकि

(छ) मुहावरों का अर्थ लिखो 2
नौ दो ग्यारह होना।
आँख का तारा होना।

(ज) सही शब्द छाँटिए। 2
आर्षीवाद/आषीर्वाद
उजवल/उज्ज्वल

4. निम्नलिखित गद्यांष को पढ़कर उनके प्रष्नों के उत्तर दीजिए। (5)

अब राजप्पा को कोई नहीं पूछता । आजकल सबके सब नागराजन को घेरे रहते। नागराजन घमंडी हो गया है। राजप्पा सारे लड़कों में कहता फिरता। पर लड़के भला कहाँ उसकी बातों पर ध्यान देते। नागराजन के मामाजी ने सिंगापुर से एक अलबम भिजवाया था। वह लड़कों को दिखाया करता। सुबह पहली घंटी के बाद तक सभी लड़के नागराजन को घेरकर अलबम देखा करते।

(क) प्र–घमंडी कौन हो गया था?
(ख) प्र–लड़के किसकी बातों पर ध्यान नहीं देते थे?
(ग) प्र–अलबम कहाँ से आया था?
(घ) प्र–नागराजन का अलबम किसने भेजा?
(ड़) प्र–पहली घंटी बनजे पर क्या हुआ था?

Scanned by CamScanner

5. पाठ्य पुस्तक वसंत से प्रश्नों के उत्तर दीजिए? कोई चार प्रश्न हल कीजिए? (8)

(क) प्र–लेखिका बचपन में इतवार की सुवह क्या–क्या काम करती थी?
(ख) प्र–केषव और श्यामा ने चिड़िया के अंड़ो की रक्षा की या नादानी?
(ग) प्र–अक्षरों की खोज का सिलसिला कब बौर कैसे शुरू हुआ?
(घ) प्र–छोटू का परिवार कहाँ रहता था?
(ड़) प्र–अलबम चुराते समय राजप्पा किस मानसिक स्थिति से गुजर रहा था?

6. निम्नलिखित पद्याँष को पढ़कर उनके प्रश्नों का उत्तर दीजिए। (5)

गोल है खूब मगर,
आप तिजछे नजर आते हैं जरा।
आप पहने हुए हैं कुल आकाष,
तारों–जड़ा
सिर्फ मुँह खोले हुए है अपना
गोरा – चिट्टा
गोल मटोल,
अपनी पोषाक को फैलाए हुए चारों सिम्त।

(क) प्र–लड़की गोल मटोल किसे कहती है?
(ख) प्र–चाँद लड़की को कैसा दिखाई देता है?
(ग) प्र–आप आकाष कैसे पहने हुए है?
(घ) प्र–आप अपना मुँह कैसे खोले हैं?
(ड़) प्र– अपनी पोषाक को किस दिषाओं में फैलाए हुए हैं?

7. (क) प्र–यह चिड़िया कैसी है और इसे किससे प्यार है? 2
(ख) प्र–गीत में सीने और बाँहों को फौलादी क्यों कहा गया है? 2
(ग) प्र–साथी हाथ बढ़ाना गीत के लेखक कौन है? 2
(घ) प्र–साथी हाथ बढ़ाना से तुम क्या समझते हो? 2

8- प्र– संकट के समय कौन–कौन से नम्बर याद रखोगे आप डॉक्टर, फायर ब्रिगेड व पुलिस से कैसे बात करोगे? (3)

9- बाल राम कथा पाठ्य पुस्तक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए? (8)
(क) प्र– अयोध्या कैसी थी?
(ख) प्र– राजा दषरथ के कितने पुत्र थे, उनके नाम लिखो?
(ग) प्र– राजा दषरथ से कैकेयी ने कौन से वरदान माँगे ?
(घ) प्र– राजा जनक की क्या प्रतिज्ञा थी ?

10. दो दिन के अवकाष के लिए प्राचार्य को पत्र लिखें। (5)

या

अपने जन्मदिन पर अपने मित्र को बुलाने के लिए निमंत्रण पत्र लिखें।

11. निम्नलिखित निबंध में से 150–200 शब्दों में निबंध लिखें। (7)
(क) स्वचछ भारत (ख) कोई त्योहार
(ग) कोई खेल (घ) मेरा विद्यालय

******

Scanned by CamScanner

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2019–20

कक्षा–छठी

विषय –हिन्दी

1. उत्तर 1–भाई, 2–सहानुभूति, 3–कार्य या रूचियाँ एक सी हों, 4–प्रीति और मित्रता रही है, 5–उग्र, 6–धीर/गंभीर, 7–प्रगाढ़ स्नेह।
2. 1–मरना सीख लिया,2– जो कांटो के पथ पर आया हो, 3–सुख–दुख, 4–जो सहना सीखे, 5–अपने कष्टों पर, 6–दूसरों के कष्टों पर, 7–वीर/कर्मवीर।
3. क–व्यक्तिवाचक, जातिवाचक, ख–गुलाबी, चाँदनी, ग–शिष्ट+आचार, सूर्य+अस्त, घ–धरा, जमीन, सूर्य रवि, ड़–मोरनी, घोड़ा, च–मैं जल्दी जाना चाहता हूँ ताकि समय पर स्कूल पहुँचू। मैं उसका मान करता हूँ जबकि वह मेरा भाई नहीं है। छ–भाग जाना। बहुत प्यारा होना। ज–आशीर्वाद, उज्ज्वल।
4. क–नागराजन, ख–राजप्पा, ग–सिंगापुर, घ–मामा, ड़–लड़के अलबम देखते हैं।
5. क–मोजे धोती पालिस करती और जूतों पर ब्रुश करती, ख–नादानी, वे रक्षा करना चाहते थे। ग–6000 वर्ष पहले जब मानव ने अक्षरों की खोज शुरू की। घ–छोटू का परिवार पृथ्वी के नीचे। ड़–डरा हुआ था।

6- क–चाँद को, ख–गोल मटोल, ग–तारो जड़ा, घ–गोरा–चिट्टा, ड़–चारों दिशाओं में,

7- क–चिडिया छोटी, अन्न नदी, और विजन से प्यार, ख–मेहनती लोगों को, जो मुसीबत अपने सीनों पर झेलते हैं, ग– साहिर लुधियानवी, घ–मिल–जुल कर काम करना।

8- संकट के समय डाक्टर, फायर व्रिगेड, पुलिस का नम्बर याद रखना और उनसे बात कराना।

9- क–सुन्दर नगरी, ख–चार पुत्र, राम, लक्षमण, शत्रुघ्न और भरत, ग–राम को वनवास और भरत को राजगद्दी। घ–धनुष को प्रत्यिंचा पर चढ़ाना पर ही सीता का विवाह होना।

10- प्रारूप के आधार पर पत्र –

संबोधन –1

विषय –2

समापन –2

11- निबन्ध लेखन

प्रस्तावना–2

विषय–3

उपसंहार–2

Scanned by CamScanner